पत्र संख्या/386/अ.नि.,वा.क.अ.प्र.सं.,ल./प्रशि.–नवप्र.असि.कमि./वा.क.अ./2020–21/वाणिज्य कर

प्रेषक,

अपर निदेशक,
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

सेवा में,

एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1, वाणिज्य कर,
जोन प्रथम/द्वितीय लखनऊ, इटावा,
कानपुर जोन द्वितीय, वाराणसी जोन प्रथम,
गाजियाबाद, नोएडा, गोरखपुर, प्रयागराज,
अलीगढ़, आगरा।

लखनऊः: दिनांक::10 जुलाई, 2020

महोदय,

कृपया कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 (स्थापना राजपत्रित अनुभाग) के आदेश संख्या–380 दि0–15.06.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित नवनियुक्त असिस्टेन्ट कमिश्नर एवं वाणिज्य कर अधिकारियों को आधारभूत/व्यवसायिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिये जाने के क्रम में व्यवहारिक प्रशिक्षण हेतु विभिन्न जोनों में दिनांक– 15.07.2020 तक सम्बद्ध किया गया है। उक्त पत्र के अनुसार व्यवहारिक प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को सप्ताहवार जोनल कार्यालय के विभिन्न विंग्स से सम्बद्ध करते हुए पत्र में अंकित विषयों पर संबंधित खण्डाधिकारियों/इकाई प्रभारी द्वारा दिये गये असाइन्मेन्टस का मूल्यांकन संबंधित/नामित ज्वाइन्ट कमिश्नर द्वारा कराते हुए एक प्रति अपर निदेशक, वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को भी प्रेषित करने के निर्देश दिये गये थे।

उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा फील्ड में प्राप्त किये गये व्यवहारिक प्रशिक्षण में प्रस्तुत असाइन्मेन्ट्स के मूल्यांकन को उनके प्रशिक्षण की अवधि के समग्र मूल्यांकन में सम्मिलित किया जाना है। अतः उक्त प्रेषित पत्र के क्रम में अनुरोध करना है कि प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किये गये असाइन्मेन्ट्स का मूल्यांकन संबंधित/ज्वाइन्ट कमिश्नर से कराते हुए अनिवार्य रूप से दिनांक–16.07.2020 तक प्रशिक्षण संस्थान की email id:- upcttrg@rediffmail.com पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीया,
10/07/2020
(दीप्ति कटियार)
संयुक्त निदेशक
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– कमिश्नर, वाणिज्य कर (स्थापना–राजपत्रित अनुभाग), मुख्यालय, लखनऊ।
2– डिप्टी कमिश्नर, (आई0 टी0), मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

संयुक्त निदेशक,
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।